## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–14.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के सभी मंत्रियों को आगामी वित्त वर्ष में ली जाने वाली योजनाओं की रुपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने मंत्रियों को जिला तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में विभागीय कार्यों की समीक्षा करने के साथ सरकार की योजनाओं को लेकर लाभुकों का फीडबैक लेने को भी कहा। मुख्यमंत्री ने पुराने सरकारी भवनों का बेहतर इस्तेमाल और नए निर्माण से बचने का भी निर्देश मंत्रियो को दिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों तथा कर्मचारियों को समय पर प्रोन्नति और उनके स्थानांतरण–पदस्थापन में संतुलन बनाए रखने पर भी जोर दिया।

****************

राज्य सरकार किसानों से धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया कल से शुरू करेगी। इस वर्ष पैक्सों के जरिए किसानों से साठ लाख क्विंटल धान क्रय करने का लक्ष्य है। झारखंड राज्य खाद्य वितरण निगम के प्रबंध निदेशक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि किसानों से दो हज़ार चार सौ रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदा जाएगा। इसके लिए एक हज़ार चार सौ चालीस करोड रुपए का प्रावधान है।

****************

राज्य के पर्यटक स्थलों के विकास पर दो सौ करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने विशेष वित्तीय सहायता योजना के तहत इस राशि को मंजूरी दे दी है । इसे लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को विकसित किए जाने वाले पर्यटक स्थलों की पूरी सूची उपलब्ध कराने को कहा है ।

****************

रांची जिले के बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए बिजली विभाग के द्वारा सत्रह दिसंबर से विशेष शिविर लगाया जाएगा। अगले वर्ष इकतीस जनवरी तक आयोजित इस शिविर में स्मार्ट प्री–पेड बिलिंग, मोबाइल नंबर टैगिंग तथा बिजली से संबंधित अन्य शिकायतें दर्ज कराई जा सकेगी।

****************

बोकारो जिला के कसमार थाना स्थित दातू के समीप रामगढ़–बोकारो राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती देर रात सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हैं। ये सभी एक वाहन से वापस लौट रहे थे, इसी दरम्यान एक ट्रेलर से टक्कर होने की वजह से यह हादसा हुआ। जरीडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि इस दुर्घटना में घायल दो लोगों का यहां इलाज चल रहा है, जबकि एक को रेफर किया गया है।

****************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों के साथ संवाद बढ़ाने का प्रयास शुरू किया गया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************

रांची जिला पुलिस ने उग्रवादी संगठनों के नाम रंगदारी मांगने वाले गिरोह के पांच अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों के खिलाफ ओरमांझी थाना क्षेत्र में एक निर्माण कंपनी की साइट पर इन अपराधियों ने फायरिंग करने के साथ एक वाहन को आग के हवाले करने का मामला दर्ज था।

****************

राज्य सरकार ने जाति और स्थानीय प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अनुमंडल स्तर पर तीस तथा जिला स्तर पर 15 दिन की समय सीमा निर्धारित कर दी है।

****************

जेएसएससी के झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 में गड़बड़ियों से संबंधित आरोपों की जांच सीआईडी करेगी।

*****************

मौसम विभाग ने धनबाद, बोकारो और रामगढ़ सहित राज्य के कई हिस्सों में आज से कोल्ड वेव चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान कई जिलों का न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस और गिर सकता है। जबकि, सवेरे और शाम में कोहरा छाया रहने के साथ कनकनी और बढ़ेगी।

*****************

ओमान के मस्कट में जूनियर एशिया कप महिला हॉकी टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में आज भारत का सामना जापान से होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम छह बजे से खेला जायेगा। भारत ने अगले वर्ष चिली में होने वाले एफ.आई.एच. जूनियर महिला हॉकी विश्वकप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।

*****************